# Fundamental Rights

**1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के विषय में निम्न वक्तव्यों में से कौन-से सही हैं?**

1. इस अनुच्छेद में दिया गया मूलाधिकार व्यक्तियों को बन्दी बनाए जाने और कुछ मामलों में नजरबन्द किए जाने से रक्षा करता है।
2. यह मूलाधिकार नागरिकों और गैर-नागरिकों दोनों के लिए है।
3. इस प्रावधान के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकार उन व्यक्तियों के लिए हैं, जिन्हें किसी निवारक नजरबन्दी कानून के अन्तर्गत बन्दी बनाया गया है।
4. इस प्रावधान के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकार शत्रु विदेशियों के लिए भी हैं।

**कूट**

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 4 (d) 1 और 3

**2. संविधान के मौलिक अधिकारों वाले अध्याय में वर्णित शब्द 'राज्य' में कौन सम्मिलित हैं?**

(a) केन्द्र सरकार और संसद
(b) राज्य सरकार और राज्य विधानमण्डल
(c) स्थानीय प्राधिकारी
(d) उपरोक्त सभी

**3. संविधान के किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा 'भारत रत्न', 'पद्म विभूषण' आदि अलंकरण प्रदान किए जाते हैं?**

(a) अनुच्छेद 15 (b) अनुच्छेद 18
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 23

**4. भारत के संविधान के अधीन अन्तःकरण की स्वतन्त्रता किसके अध्यधीन है?**

1. लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य।
2. कोई विधि, जो सामाजिक कल्याण तथा सुधार की व्यवस्था करती हो।
3. सार्वजनिक स्वरूप वाले हिन्दू धार्मिक संस्थानों का सभी हिन्दुओं के लिए खोला जाना।
4. मानहानि या अपराध-उद्दीपन।

**5. उत्प्रेषण (Certiorari) रिट निम्न में से किस आधार पर जारी की जाती है**

(a) अधिकारिता का अभाव या अधिकारिता से बाहर किए गए कार्य के लिए
(b) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का अतिक्रमण होने पर
(c) अभिलेख में प्रत्यक्षतः प्रकट विधिक त्रुटि के आधार पर
(d) उपरोक्त सभी

**6. समानता का अधिकार संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किसके अन्तर्गत दिया हुआ है?**

1. अनुच्छेद 13 2. अनुच्छेद 14
3. अनुच्छेद 15 4. अनुच्छेद 16

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) ये सभी

**7. मौलिक अधिकार किसकी रक्षा की गारण्टी देते हैं?**

(a) नागरिकों की व्यापारियों के शोषण से
(b) नागरिकों की स्वच्छन्द शासन से
(c) देश की रक्षा
(d) नागरिकों का सम्मान

**8. भारत के संविधान में 'शोषण के विरुद्ध अधिकार' का भाग होने के रूप में निम्नलिखित में से कौन-कौन-से विचार किए गए हैं?**

1. मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध
2. अस्पृश्यता का अन्त
3. अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण
4. कारखानों व खानों में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध

**कूट**

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 1 और 4
(d) 2, 3 और 4

**9. प्रेस की स्वतन्त्रता किस अधिकार में निहित है?**

(a) नियमों के समान संरक्षण
(b) विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
(c) संघ निर्माण की स्वतन्त्रता
(d) कार्य और सामग्री सुरक्षा

**10. मूल अधिकार मूल कहलाते हैं, क्योंकि वे**

(a) न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं
(b) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा-पत्र के अनुरूप हैं
(c) सरलता से संशोधनीय नहीं हैं
(d) मानव के विकास के लिए आवश्यक हैं

**11. भारत में समाचार-पत्रों का स्वातन्त्र्य**

(a) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में विशेष रूप से उपबन्धित है
(b) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातन्त्र्य में निहित है
(c) संविधान के अनुच्छेद 361 (क) के उपबन्धों द्वारा प्रत्याभूत है
(d) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्भूत होता है

**12. संविधान में प्रदत्त 'स्वतन्त्रता का अधिकार' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से सत्य है**

(a) भाषण व अभिव्यक्ति की अबाधित स्वतन्त्रता
(b) संघ बनाने की स्वतन्त्रता
(c) भारत में भ्रमण की स्वतन्त्रता
(d) उपरोक्त सभी

**13. मौलिक अधिकार क्या है?**

(a) वाद योग्य (b) अपवाद योग्य
(c) लचीले (d) कठोर

**14. भारतीय संविधान के अनुसार किसी भी व्यक्ति को, जिसे गिरफ्तार अथवा बन्दी किया जाता है, सबसे नजदीकी मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित करना होगा**

(a) 12 घण्टे के अन्दर (b) 24 घण्टे के अन्दर
(c) 48 घण्टे के अन्दर (d) 72 घण्टे के अन्दर

**15. 14 वर्ष से कम आयु के बहुत से गरीब बच्चे पटाखे बनाने वाले कारखाने में काम करते हैं। इन कारखानों में बच्चों को काम देने से किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है?**

(a) समानता का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) स्वतन्त्रता का अधिकार
(d) सांस्कृतिक शिक्षा का अधिकार

**16. भारत के संविधान के दो उपबन्ध, जो सर्वाधिक स्पष्ट रूप में न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति को व्यक्त करते हैं, कौन-से हैं?**

(a) अनुच्छेद 21 तथा अनुच्छेद 446
(b) अनुच्छेद 32 तथा अनुच्छेद 226
(c) अनुच्छेद 44 तथा अनुच्छेद 152
(d) अनुच्छेद 17 तथा अनुच्छेद 143

**17. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 निम्नलिखित में से किसके विरुद्ध संरक्षण प्रदान करता है?**

(a) केवल कार्यपालिका के विरुद्ध
(b) केवल विधायिका के विरुद्ध
(c) केवल न्यायपालिका के विरुद्ध
(d) कार्यपालिका तथा विधायिका दोनों के विरुद्ध

**18. बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिका (Habeus Corpus writ)**

(a) केवल निरुद्ध व्यक्ति द्वारा ही दाखिल की जा सकती है
(b) केवल हितबद्ध व्यक्ति द्वारा ही दाखिल की जा सकती है
(c) किसी भी निजी व्यक्ति द्वारा दाखिल की जा सकती है
(d) निरुद्ध व्यक्ति या हितबद्ध व्यक्ति दोनों द्वारा दाखिल की जा सकती है

**19. शिक्षा क आधकार का जावन क आधकार क अन्तर्गत भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निम्न में से किस वाद में सम्मिलित किया गया है?**

(a) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अब्दुल समद, 1992
(b) मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य
(c) रामानुज बनाम तमिलनाडु राज्य, 1961
(d) फ्रेंक एन्थनी पब्लिक स्कूल एम्पलॉइज बनाम भारत संघ, 1986

**20. 'आधारभूत स्वरूप सिद्धान्त' (बेसिक स्ट्रक्चर डॉक्ट्रिन) उच्चतम न्यायालय द्वारा किस मामले के दौरान निरूपित किया गया?**

(a) गोलकनाथ मामला
(b) मेनका गाँधी मामला
(c) केशवानन्द भारती मामला
(d) एस आर बोम्मई मामला

**21. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए**

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | अनुच्छेद 14 | 1. | संशोधन प्रक्रिया |
| B. | अनुच्छेद 36 | 2. | मन्त्रिपरिषद् |
| C. | अनुच्छेद 74 | 3. | समानता का अधिकार |
| D. | अनुच्छेद 368 | 4. | नीति-निदेशक तत्त्व |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 | (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**22. 1931 के दूसरे गोलमेज सम्मेलन में किसके द्वारा मूलाधिकार की माँग की गई?**

(a) तेजबहादुर सप्रू (b) एम.के.गाँधी
(c) सुभाषचन्द्र बोस (d) बी.एन.राव

**23. निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को डॉ. बी आर अम्बेडकर द्वारा संविधान की आत्मा कहा गया है?**

(a) धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार
(b) सम्पत्ति का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) संवैधानिक उपचार का अधिकार

## Fundamental Rights

# Answer Key

1.(a) 2. (d) 3. (b) 4. (b) 5.(d) 6.(c) 7. (b) 8. (c) 9.(b) 10.(d)
11.(b) 12.(d) 13.(d) 14.(a) 15.(b) 16.(b) 17.(b) 18.(d) 19.(b) 20.(c)
21.(d) 22.(b) 23.(d)

EduBull.com